आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 31 लखनऊ, रविवार 21 नवम्बर से 27 नवम्बर, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## आंतरिक सुरक्षा पर मंथन के लिए पीएम मोदी पहुंचे डीजीपी कॉन्फ्रेंस में

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आए पीएम मोदी देश की आंतरिक सुरक्षा पर केन्द्रित ५६वें अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक. महानिरीक्षक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए शनिवार सुबह यहां पुलिस मुख्यालय पहुंचे। तीन दिवसीय सम्मेलन का उदघाटन शुक्रवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। उत्तर प्रदेश की राजधानी में पहली बार आयोजित हो रहे इस सम्मेलन में नक्सलवाद, आतंकवाद और माफिया तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उपायों पर चर्चा होगी। पीएम आज और कल यानी रविवार को भी सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे और अपने विचार व्यक्त करेंगे। प्रधानमंत्री आज पूरे दिन कॉन्फ्रेंस में मौजूद रहेंगे और रात्रि भोज भी सम्मेलन स्थल पर ही लेंगे। इससे पहले गृह मंत्री शाह ने सम्मेलन का उदघाटन करते हुये प्रभावी पुलिस व्यवस्था के लिये



पुलिस थानों और बीट स्तर के सुधारों पर जोर देते हुए कहा था कि आंतरिक सुरक्षा के लिये राज्य पुलिस तथा केंद्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत है। उन्होंने तटीय सुरक्षा, वामपंथी उग्रवाद, नारकोटिक्स, साइबर क्राइम और सीम प्रबंधन जैसे सुरक्षा विषयों पर जोर दिया। यूपी के तीन दिवसीय दौरे पर आये मोदी ने शुक्रवार को बुंदेलखंड के झांसी और महोबा में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया था। जिसके बाद वह देर रात लखनऊ पहुंचे। जहां उनका स्वागत गृह मंत्री अमित शाह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। डीजीपी सम्मलेन उत्तर प्रदेश में पहली बार आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय इस सम्मेलन में आतंकवाद विरोधी चुनौतियां, वामपंथी उग्रवाद, पुलिस सुधार, पुलिस आधुनिकीकरण, साइबर क्राइम व आंतरिक सुरक्षा सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो रही है।

## पीएम मोदी की मौजूदगी में डीजीपी कन्फ्रेंस में लिए जा सकते हैं अहम फैसले

लखनऊ। पीएम मोदी की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश की राजध ाानी लखनऊ में चल रहे ५६वें अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक. महानिरीक्षक सम्मेलन में देश की आंतरिक सुरक्षा को लेकर कुछ अहम निर्णय लिये जाने की उम्मीद है। तीन दिवसीय सम्मेलन का उदघाटन शुक्रवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी शिरकत कर रहे हैं। पीएम मोदी आज और कल यानी रविवार को पूरे दिन सम्मेलन में मौजूद रहेंगे। वह आज सुबह नौ बजकर १५ मिनट पर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पुलिस मुख्यालय पहुंच गए। कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री शाम ७.१५ बजे तक पुलिस मुख्यालय में रहेंगे। वहीं, लगभग दस घण्टे पुलिस मुख्यालय में बिताने के बाद वह राजभवन वापस आएंगे फिर रात्रि ८ बजे वह वापस पुलिस मुख्यालय आएंगे और पुलिस महानिदेशकों के साथ रात्रिभोज में शामिल होंगे। रात ६.१५ बजे वह रात्रि विश्राम के लिए वापस राजभवन आएंगे।

## लखीमपुर हिंसा के पीड़ितों को भी न्याय दिलाएं पीएम मोदीः प्रियंका गांधी

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लखीमपुर हिंसा मामले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिये केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को पद से हटाने की मांग की है। प्रियंका ने शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान पीएम मोदी को संबोधित पत्र को साझा करते हुये कहा " लखीमपुर किसान नरसंहार में अन्नदाताओं के साथ हुयी क्रूरता को पूरे देश ने देखा। आपको यह जानकारी भी है कि किसानों को अपनी गाड़ी से कुचलने का मुख्य आरोपी आपकी सरकार के केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री का बेटा है। राजनीतिक दबाव के चलते इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने शुरूआत से ही न्याय की आवाज को दबाने की कोशिश की। उच्चतम न्यायालय ने इस संदर्भ में कहा कि सरकार की मंशा देखकर लगता है कि सरकार किसी विशेष आरोपी को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि लखीमपुर में मारे गये किसानों के परिवारों से वह मिली है। वह असहनीय पीड़ा में है। परिवार न्याय चाहते है मगर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री के पद में बने रहते यह संभव नहीं है। किसान नरसंहार मामले में जांच की हालिया स्थिति उन परिवारों



की आशंका को सही साबित करती है। देश की कानून व्यवस्था के जिम्मेदार गृहमंत्री अमित शाह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ आपके उसी मंत्री के साथ मंच साझा कर रहे हैं। आवास विकास की योजनाओं में अवैध निर्माणों को अभियंता ही बढ़ावा दे रहे हैं। परिषद के कर्मचारी और अधिकारी ही आवासीय योजना में शपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण कर शहर की सूरत बिगाड़ रहे हैं। विभाग के जिम्मेदार कार्रवाई करने की बजाय अवैध निर्माणों को संरक्षण दे रहे हैं।

## टीईटी परीक्षा के लिए गाइडलाइन के साथ केंद्रों की सूची जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी)–२०२१ के लिए प्रवेश पत्र जारी करने के बाद अब परीक्षा केन्द्रों की सूची भी जारी कर दी है। इस बार ४३०६ केन्द्रों पर कुल २१ लाख ६५ हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शमिल होंगे। पिछले साल यह पात्रता परीक्षा नहीं कराई गई थी, इस कारण इस वर्ष परीक्षार्थियों की संख्या ज्यादा है। परीक्षा २८ नवंबर को कराई जाएगी। नकल पर अंकुश लगाने के लिए सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट भी तैनात किए जाएंगे। दोनों पालियों की परीक्षा का समय ढाई–ढाई घंटे रहेगा। पहली पाली में प्राथमिक और दूसरी पाली में उच्च प्राथमिक स्तर के अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्राथमिक स्तर की परीक्षा में १२ लाख, ६१ हजार, ६२८ और उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा में ८ लाख, ७३ हजार, ५५३ परीक्षार्थियों ने सम्मिलित होने के लिए आनलाइन आवेदन किया है। परीक्षार्थी केन्द्र पर ३० मिनट पहले पहुंचे इस बात का विशेष ध्यान रखें। परीक्षा नियामक प्राधिकारी संजय उपाध्याय ने बताया कि सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को आदेश दिया गया हैं कि प्रश्नपत्र वितरण में बेहद सावधानी बरती जाये, यदि प्रश्नपत्र वितरण में लापरवाही की शिकायत मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जायेगी, इसके लिए सीधे केन्द्र व्यवस्थापक को जिम्मेदार माना जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र का बंडल खुलने की प्रक्रिया की पूरी रिकार्डिंग भी करनी होगी। यूजीसी नेट २०२१ परीक्षा कल से शुरू हो रही है जो कि पांच दिसंबर जारी रहेगी। वहीं परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी यानी कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी कल से देश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का संचालन करेगी। इसके साथ ही एग्जाम से जुड़े दिशा–निर्देश और ड्रेस कोड भी जारी कर दिया गया है। ऐसे में, जो भी उम्मीदवार यूजीसी नेट २०२१ एग्जाम के लिए उपस्थित होने वाले, वे आधि ाकारिक वेबसाइट **ugcnet-nta-nic-in** पर यह जानकारी चेक कर सकते हैं। उम्मीदवारों को परीक्षा के रिपोर्टिंग समय से कम से कम ३० मिनट पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना होगा। उम्मीदवारों को ध्यान देना होगा कि यूजीसी नेट २०२१ कंप्यूटर आधारित अनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पकड़ में आने पर उम्मीदवारों को परीक्षा से वंचित किया जा सकता है।

## उत्तर प्रदेश में कोरोना के 5 नए मामले दर्ज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल १,२७,४६१ सैम्पल की जांच की गयी है। जिसमें कोरोना संक्रमण के ०५ नये मामले आये है। प्रदेश में अब तक कुल ८,६२,३०,४०७ सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले २४ घंटे में ०७ तथा अब तक कुल १६,८७,३१३ लोग कोविड–१६ से ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल १०० एक्टिव मामले हैं। उन्होंने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल एक दिन में १२,०६,६४६ डोज दी गयी। प्रदेश में कल तक पहली डोज १०,४६,८६,५७६ तथा दूसरी डोज ४,२०,७०,३०८ लगायी गयी हैं। कल तक कुल १४,६७,५६,८८४ कोविड डोज दी गयी है। प्रसाद ने बताया कि कोविड संक्रमण अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए सभी लोग कोविड अनुरूप आचरण करें। टीकाकरण के बाद भी कोविड प्रोटोकल का पालन अवश्य करें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कोविड हेल्पलाइन १८००१८०५१४५ पर सम्पर्क करे।

# सम्पादकीय

## सत्ता का रास्ता


राजनीतिक हलको में ये कहावत तो बेहद प्रचलित है कि देश की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। साल के शुरुआत में ही जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं उनमें उत्तर प्रदेश भी है। यही वजह है कि तमाम राजनीतिक पार्टियों ने कुछ महीने पहले से ही चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। चुनावी माहौल को भांपते हुए सी वोटर ने एबीपी न्यूज के लिए सर्वे किया है। सर्वे में यूपी के दो बड़े रीजन पूर्वांचल और अवध के हिस्सों में जनता के नब्ज को टटोलने की कोशिश की है। ऐसा में आइए जानते हैं कि इन दोनों रीजन में कौन बाजी मारता दिख रहा है और कौन पिछड़ता। यूपी की कुल ४०३ विधानसभा सीटों पर वोट पड़ने हैं। लोगों को यूपी को लेकर अपनी–अपनी राय है। किसी का मानना है कि बीजेपी योगी के नेतृत्व में एक बार फिर से पूर्ण बहुमत से जीतकर आएगी तो वहीं कुछ लोगों को अखिलेश की वापसी की भी उम्मीद है। यूपी के अहम हिस्से पूर्वांचल में विधानसभा की १३० सीटें आती हैं। सूबे की सत्ता पर काबिज होने के लिए पूर्वांचल में फतह हासिल करना महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके अलावा पूर्वांचल की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि पीएम मोदी से लेकर गृहमंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी का संबंध पूर्वी यूपी से ही है। एबीपी न्यूज सी वोटर के सर्वे के अनुसार पूर्वांचल में बीजेपी को ४० फीसदी वोट मिलने का अनुमान है। वहीं समाजवादी पार्टी को ३४ जबकि बहुजन समाज पार्टी को १७ फीसदी वोट प्राप्त होने का अनुमान जताया गया है। जबकि कांग्रेस व अन्य के खाते में ६–६ फीसदी ही वोट जा सकते हैं। लोकसभा चुनाव में जो महत्त्व उत्तर प्रदेश का है, दिल्ली की सत्ता में उसी तरह का महत्त्व उसकेअवध क्षेत्र का भी है। इस क्षेत्र ने देश को तीन–तीन प्रधानमंत्री दिए हैं। इंदिरा गांधी ने रायबरेली का प्रतिनिधित्व किया। राजीव गांधी अमेठी से जीतते थे और अटल बिहारी वाजपेयी ने लखनऊ से ही जीतकर प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली। ऐसे में ये इलाका अपने आप में ऐसा स्थान रखता है जिसके परिणाम पर हर किसी की नजर बनी रहती है। अवध में विधानसभा की ११८ सीटें आती हैं। इस रीजन में भी बाजी बीजेपी ही मारती दिख रही है। बीजेपी को अवध में ४२ फीसदी वोट मिलते दिख रहे हैं वहीं समाजवादी पार्टी ३४ फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर जबकि मायावती की बसपा को १३ फीसदी ही वोट मिलने का अनुमान है। इसके अलावा कांग्रेस को ७ फीसदी से संतोष करना पड़ सकता है। अन्य के खाते में ४ फीसदी वोट जा सकते हैं।

## २६ नवंबर को लविवि में दीक्षांत समारोह, तैयारियों के साथ यूनिफर्म का भी किया गया निर्धारण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की तैयारियों के साथ यूनिफर्म का भी निर्धारण कर दिया गया है। ऐसे में शिक्षक बंद गले के काले कोट में नजर आएंगे तो वहीं छात्र कुर्ते और पायजामें में दिखाई पड़ेंगे। २६ नवंबर को होने वाले इस दीक्षांत के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने शनिवार को अभी तक हुई तैयारियों की समीक्षा की। तैयारियों में कोई कमी न रहे इसके लिए रविवार को भी विश्वविद्यालय खोले जाने का निर्णय लिया गया है। कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने बताया कि समारोह में मेडल प्राप्त करने वाले मेधावियों के साथ ही शामिल होने वाले अतिथि किस परिधान में होंगे ये तय कर दिया गया है। मंच पर शामिल होने वाली विभूतियों में कुलाधिपति क्रीम सिल्क कपड़े पर गोल्ड महरून जरदोजी, कुलपति गोल्ड सिल्क कपड़े पर महरून जरदोजी, मुख्य अतिथि डल अरेंज सिल्क कपड़े पर गोल्ड जरदोजी, मानद उपाधि पाने वाले नेवी ब्लू सिल्क कपड़े पर गोल्ड जरदोजी एवं कुलसचिव हरे कपड़ों पर गोल्ड जरदोजी परिधान धारण करेंगे। छात्र महरून कुर्ता, क्रीम चूड़ीदार पायजामा, काला जूता, क्रीम कलर सटन पर बाहरी बार्डर पट्टी गोल्डन कलर की एवं महरून रंग की भीतर बार्डर पट्टी पहनेंगे। छात्राओं को महरून साड़ी गोल्डन बार्डर के साथ या महरून कुर्ता चुन्नी–हिजाब क्रीम चूड़ीदार के साथ पहनना होगी। पुरुष शिक्षक बंद गले का काला कोट पैंट एवं काले जूते, महिला शिक्षिका क्रीम साड़ी गोल्डन बार्डर के साथ पहनेंगी। कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि दीक्षांत समारोह में पीएचडी एवं डी.लिट उपाधि तथा मेडल प्राप्त करने वाले सभी छात्र–छात्राओं को २५ नवंबर तक कुलानुशासक कार्यालय के कक्ष संख्या पांच एवं छह से परिधान वितरण किए जाएंगे। अंगवस्त्र के लिए ३५० रुपए निर्धारित है, कुर्ता पायजामा के लिए ४५० रुपए कैशियर कार्यालय में जमा करने होंगे। दीक्षांत समारोह के बाद २७ नवम्बर सुबह ११ बजे तक परिधान लौटाने होंगे। जमा शुल्क में साठ रुपए अंगवस्त्र एवं ६० रुपए परिधान के काटकर बची हुई राशि वापस कर दी जाएगी।

# राजधानी लखनऊ ने देश में १२वां स्वच्छ शहर बनने का गौरव हासिल किया

लखनऊ। स्वच्छ भारत मिशन की ओर से जारी स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ ने २५७ पायदान की लंबी छलांग लगा कर देश में १२वां स्वच्छ शहर बनने का गौरव हासिल किया है वहीं कानपुर को सफाई के मामले में २१वीं रैंक हासिल हुयी है। प्रदेश में साफ सुथरे शहरों की फेहरिस्त में लखनऊ अव्वल रहा है। रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर लखनऊ वासियों को बधाई देते हुये ट्वीट किया " पिछले कुछ वर्षों में स्वच्छता की दृष्टि से, लखनऊ शहर में बहुत बदलाव आया है और देश भर में उसकी रैंकिंग में लगातार सुधार हुआ है। लखनऊ महज कुछ वर्षों में २६६ से लम्बी छलांग लगा कर देश में १२वाँ और प्रदेश में सबसे अधिक स्वच्छ शहर बन गया है। इसके लिए पूरे लखनऊ वासियों को बधाई।" आई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण–२०२१ की रैंकिंग के परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए। सर्वे में शामिल ४३२० शहरों में यूपी का कोई भी शहर टॉप टेन में शामिल नहीं हो सका। लखनऊ



को यूपी में पहला और देश में १२वां स्थान मिला है। कुल छह हजार अंकों के इस सर्वेक्षण में लखनऊ ने अपना मुकाम बरकरार रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी ३७वें स्थान से गिरकर ३०वीं रैंक पर आ गया। हालांकि वाराणसी को देश में गंगा किनारे बसा सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला है। रैकिंग में कानपुर ने चार रैंक का सुधार करते हुए देश में २१वां स्थान हासिल किया है। लखनऊ को स्वच्छ सर्वेक्षण २०२१ में यूपी में पहली और देश में १२वीं रैंक हासिल हुयी। इसके अलावा बेस्ट स्टेट कैपिटल सिटी इन सिटीजन फीडबैक अवार्ड और गार्बेज फ्री सिटी में थ्री स्टार रेटिंग मिली है। शनिवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में महापौर संयुक्ता भाटिया, नगर आयुक्त अजय द्विवेदी, डा. अरविंद राव को राष्ट्रपति ने सम्मानित किया। स्वच्छता के प्रति लोगों की बदलती सोच से शाहजहांपुर स्वच्छ हो रहा है। स्वच्छता रैंकिंग में शाहजहांपुर की स्थिति में सुधार हुआ है। पिछले साल की रैंकिंग में १०७वें नंबर रहा शाहजहांपुर इस बार ६८वें स्थान पर है। वहीं बरेली १४६वें स्थान से खिसक कर १५३वें नंबर पर आ गया है। मुरादाबाद ने सुधार करते हुए १०८वां स्थान हासिल किया है। इससे पहले उसे १५०वीं रैंक मिली थी।

# सरकार किसानों के खिलाफ मुकदमे वापस ले और एमएसपी का कानून बनाये : मायावती

लखनऊ। बसपा अध्यक्ष मायावती ने तीन षि कानून वापस लेने के केन्द्र सरकार के फैसले को देर से उठाया गया कदम बताते हुये सरकार से अब किसानों की उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करने का कानून बनाये और आंदोलन में शामिल हुये किसानों के खिलाफ दर्ज किये गये मुकदमे वापस लेने की मांग की है। मायावती ने शनिवार को ट्वीट कर कहा, "देश में तीव्र आन्दोलन के बाद तीन विवादित कृषि कानूनों की वापसी की केन्द्र सरकार की घोषणा का देर आए दुरुस्त आए यह कहकर स्वागत किया गया। किन्तु, इसे चुनावी स्वार्थ व मजबूरी का फैसला बताकर भाजपा सरकार की नीयत पर भी शक किया जा रहा है। अतः इस बारे में कुछ और ठोस फैसले करना जरूरी है।" उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि इसके लिए किसानों की उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने के लिए नया कानून बनाना और देश की आन, बान और शान से जुड़े अति गम्भीर मामलों को छोड़कर आन्दोलित किसानों पर दर्ज बाकी सभी मुकदमों की वापसी आदि करना भी केन्द्र सुनिश्चित करें तो यह उचित होगा। बसपा प्रमुख ने देश को तानाशाही वाले दौर में वापस लौटने की स्थिति से बचाने के लिये उम्मीद जताते हुये कहा, "वैसे पूर्व में देश ने खासकर कांग्रेस पार्टी की श्रीमती इन्दिरा गांधी की रही सरकार के अहंकार और तानाशाही वाले रवैये आदि को काफी झेला है, किन्तु अब पूर्व की तरह वैसी स्थिति देश में दोबारा उत्पन्न नहीं हो, ऐसी देश को आशा है।"

# साफ्टवेयर इंजीनियर से दो करोड़ की ठगी, गोमती नगर थाने में केस दर्ज

लखनऊ। गोमती नगर थाने में एक साफ्टयेवर इंजीनियर से पौने दो करोड़ की ठगी का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि एक सफ्टवेयर इंजीनियर से साझेदारों ने धोखाधड़ी कर रूपए हड़प लिए हैं। दिल्ली प्रीत विहार निवासी मोहित मित्तल साफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उनके मुताबिक विकासखंड–दो में कार्डिनल टेक्नोलजी का दफ्तर है। जिसके संचालक जितेंद्र श्रीवास्तव, कुसुम लता, अभय, तनय और प्रेरणा हैं। पीड़ित साफ्टयेवर इंजीनियर के अनुसार वह सफ्टवेयर डेवलेप करने के लिए जितेंद्र श्रीवास्तव ने मोहित से सम्पर्क किया था। काम के दौरान ही जितेंद्र ने मोहित को उसकी कम्पनी से जुड़ने का प्रस्ताव दिया था। जिसके तहत मोहित को कम्पनी में २४ प्रतिशत की हिस्सेदारी दी गई थी। पीड़ित के मुताबिक वह कार्डिनल कम्पनी से जुड़ कर काम करता रहा। इस दौरान उसने कई सफ्टवेयर बनाए। साथ ही ग्राहकों को यह सफ्टवेयर बेचे भी थे। जिसके




बदले में मिली रकम कम्पनी में जमा की गई थी। पीड़ित के अनुसार करीब पौन दो करोड़ रुपये का काम करने के बाद भी उसे एक रुपये नहीं दिए गए। इस बीच ठगों ने तनख्वाह समेत अन्य मदों में कम्पनी की रकम फर्जी बिलों के सहारे दूसरे खातों में जमा कर दी। इस बात का पता चलने पर मोहित ने विरोध किया था। पीड़ित के अनुसार कार्डिनल से जुड़ने के बाद उसका अमेरिका का वीजा भी कम्पनी ने ट्रांसफर कराया था। इसके लिए अमेरिका में एक दफ्तर भी खोला गया था। मोहित के मुताबिक ठगों ने उसे जाल में फंसाने के लिए यह नाटक रचा था। आरोप है कि कार्डिनल की तरफ से जारी कराया गया एच–१ वीजा जितेंद्र ने रद्द करा दिया था। पुलिस ने जितेंद्र श्रीवास्तव, कुसुम लता, अभय, तनय और प्रेरणा श्रीवास्तव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गोमती नगर थाने में पौने दो करोड़ की ठगी का मामला दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ जांच के आदेश दिए गये हैंडीके ठाकुर पुलिस कमिश्नर।

# जनता भरोसा नहीं करती यूपी पुलिस पर : अखिलेश यादव

लखनऊ। पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की अगुवाई में लखनऊ में चल रही डीजीपी कॉन्फ्रेंस के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब केन्द्रीय गृहमंत्री के साथ लखीमपुर काण्ड के आरोपी का परिवार मंच साझा करे तो पुलिस व न्याय की उम्मीद कैसे की जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर केन्द्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री इन दिनों सभी लखनऊ में डीजीपी सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। शानदार सिग्नेचर बिल्डिंग समाजवादी सरकार में बनी थी। वहां स्थापित डायल १०० (अब ११२) को बर्बाद कर दिया गया। साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग इन्डेक्स २०२१ के अनुसार उत्तर प्रदेश सबसे नीचे की श्रेणी में आता है। वहीं, बिहार समग्र पुलिसिंग में सबसे कम स्कोर (५.७४) पर था। उसके बाद उत्तर प्रदेश का स्थान ५.८२ पर है। वहीं, यूपी को सहायक और मैत्रीपूर्ण



पुलिसिंग में ५.५६ निष्पक्ष और निष्पक्ष पुलिसिंग में ५.२७ और पुलिस जवाबदेही में ५.८० स्कोर किया है। सर्वे के मुताबिक उत्तर प्रदेश के लोगों का पुलिस पर सबसे कम भरोसा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब जिलों में अपहरण, लूट, हत्या और बलात्कार की घटनाएं न घटती हों। पुलिस हिरासत में मौतों और फर्जी एनकाउंटरों के मामलों में तो उत्तर प्रदेश की देश–दुनिया में बदनामी हुई है। मुख्यमंत्री दावे तो बड़े–बड़े करते हैं, पर नतीजा शून्य रहता है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। साथ ही अपराधों की बाढ़ थम नहीं रही है। भाजपा राज में अपराधी बेखौफ हैं और उन्हें सत्ता का खुला संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब देश के गृहमंत्री के साथ लखीमपुर काण्ड के आरोपित का परिवार मंच साझा करे तो पुलिस व न्याय की उम्मीद कैसे की जा सकती है। राजनीति में शुचिता के तिरस्कार और नैतिकता के बहिष्कार का यह विचलित कर देने वाला उदाहरण है। जनता अपने साथ भाजपा की ओर से होने वाले क्रूर मजाक को अब बर्दाश्त नहीं करेगी।

# सीएम योगी की सुरक्षा ड्यूटी से लौटे सिपाही ने खुद को मारी गोली, खून से लथपथ मिला शव

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में आज सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा ड्यूटी से लौटे सिपाही शेष कुमार सिंह ने महानगर के बादशाहनगर स्थित आवास में खुद को गोली मार ली। कमरे में खून से लथपथ हालत में शव देख परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। सिपाही की आत्महत्या के कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। मृतक सिपाही मूल रूप से गोंडा करनैलगंज निवासी शेष कुमार सिंह चार साल से मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात थें। पुलिस ने बताया कि शेष कुमार सुबह करीब सात बजे सीएम सुरक्षा ड्यूटी से लौटे थे। इसके बाद उन्होंने अपने भतीजे विपिन कुमार से कहा कि कुछ तबियत ठीक नहीं लग रही है। कमरे में आराम करने जा रहा हूं। तभी कुछ देर बाद गोली चलने की आवाज सुनकर भतीजा भागकर पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद था। आस पड़ोस के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया और पुलिस को सूचना दी गई। वहीं । DCP प्राची सिंह इस मामले पर कुछ भी बोलने से मना कर दिया और कहा इस पूरे मामले की जानकारी लखनऊ पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ही दे सकते हैं। डीजीपी कांफ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की मौजूदगी में सीएम सुरक्षा में तैनात सिपाही की आत्महत्या की सूचना से अधिकारियों के होश उड़ गए। आनन–फानन घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारी भी मातहतों से पल–पल की जानकारी लेते रहें। सिपाही के परिवारीजन को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

# लखनऊ पुलिस ने ६० लाख की धोखाधड़ी में रियल एस्टेट कंपनी के निदेशक को दबोचा

लखनऊ। गोमतीनगर पुलिस ने प्लाट दिलाने के नाम पर ६० लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में इवोक इंफ्राप्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक सुनील तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। वह चार माह से फरार चल रहा था। इंस्पेक्टर गोमतीनगर केके तिवारी ने बताया कि वर्ष २०१६ में जानकीपुरम विस्तार निवासी रामशब्द जमीन खरीदना चाह रहे थे। उन्हें विनयखंड स्थित इवोक इंफ्रा कंपनी के बारे में जानकारी हुई। उनकी कंपनी के निदेशक सुनील तिवारी और प्रदीप से मुलाकात हुई।रामशब्द ने बताया कि दोनों सुशांत गोल्फ सिटी में रहते थे। प्लाट खरीदने की मंशा जाहिर की तो उन्होंने बताया कि वह कुटुंब रेजीडेंसी बना रहे हैं। रामशब्द को कंपनी के विनयखंड स्थित दफ्तर में बुलाया। वहां पर




कुटुंब रेजीडेंसी में एक कालोनी ६० लाख रुपये में तय हुई। इसके बाद कई किस्तों में रामशब्द ने सारा भुगतान किया। आरोप है कि रुपये लेने के बाद सुनील ने रजिस्ट्री नहीं की। दबाव बनाने पर टाल मटोल करने लगे। कुछ दिन बाद आफिस भी बंद हो गया।काफी तलाश के बाद सुनील से मुलाकात हुई तो उन्होंने नया आफिस खोलने की बात बताई और जल्द ही रजिस्ट्री के लिए कहा। इसके बाद फिर सुनील गायब हो गया। ठगी की आशंका होने पर मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों को देकर लिखित शिकायत की। इंस्पेक्टर ने बताया कि शिकायत के आधार पर सुनील, प्रदीप, आलोक शुक्ला, शिवम सोनी, मनीष शर्मा, विजय यादव और प्रशांत पांडेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। सुनील को गिरफ्तार कर लिया गया और अन्य की तलाश की जा रही है।

# विश्व मात्स्यिकी दिवस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मत्स्य विभाग द्वारा प्रदेश में विश्व मात्स्यिकी दिवस का आयोजन कल २१ नवम्बर २०२१ को वृहद रूप से गोष्ठी के माध्यम से प्रदेश के समस्त जनपदों एवं मण्डलों में किया जा रहा है। इस अवसर पर मात्स्यिकी के क्षेत्र की वृहद जानकारी मत्स्य विकास की संभावनाओं, मत्स्य पालन से संबंधित गतिविधियों हेतु अभियान के रूप में किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित किये जाने के सम्बन्ध में जागरूकता एवं मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी जायेगी। मत्स्य विभाग के निदेशक, डॉ० सरोज कुमार द्वारा यह जानकारी देते हुए बताया गया कि विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर गोष्ठी के माध्यम से मत्स्य कृषकों, व्यवसायियों एवं उद्यमियों आदि को मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराया जाएगा। प्रदेश के अधिक से अधिक मत्स्य कृषक/मत्स्य पालक, उद्यमी, मत्स्य व्यवसायी आदि लोग विभाग द्वारा आयोजित किये जा रहे गोष्ठी के माध्यम से जुड़कर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों एवं मात्स्यिकी के क्षेत्र की नवीनतम जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# प्राविधिक शिक्षा मंत्री के निर्देश पर आदेश हुआ जारी

लखनऊ। प्रदेश के समस्त राजकीय/अनुदानित पालीटेक्निक संस्थान सम्बन्धित संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर उत्तर प्रदेश शासन की प्रवेश एवं फीस नियमन समिति द्वारा निर्धारित शुल्क की सूचना पाठ्यक्रमानुसार संस्थान की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। यह निर्देश प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री, जितिन प्रसाद ने आज यह दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र्छात्रा को फीस सम्बन्धी कोई भी समस्या हो तो अपनी शिकायत सम्बन्धित संस्थान की वेबसाइट पर दर्ज करा सकते हैं। सम्बन्धित संस्थान छात्र्छ छात्राओं द्वारा दर्ज समस्या का त्वरित निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगे। कतिपय संस्थानों द्वारा प्रवेश एवं फीस सम्बन्धी सूचना संस्थान की वेबसाइट पर प्रदर्शित न किये जाने के कारण ही यह आदेश जारी किया गया है। इससे प्रवेश एवं फीस नियमन समिति द्वारा दी गयी पारदर्शी व्यवस्था से छात्र/छात्राओं को पूर्ण लाभ प्राप्त होगा। इस सम्बन्ध में निदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार किसी छात्र्छात्रा को शुल्क सम्बन्धी कोई शिकायत हो तो विभागीय यूराइज– पोर्टल/वेबसाइट **https://urise-up-gov-in** पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# डीआरआइ ने लखनऊ में पकड़ा ३.२ किलो सोना

लखनऊ। डायरेक्ट्रेट आफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस (डीआरआइ) ने दुबई से तस्करी कर लाया गया ३.२ किलोग्राम सोना बरामद किया है। डीआरआइ की लखनऊ जोनल यूनिट को यह कामयाबी मिली है। यह सोना लेकर हवाई जहाज से कोलकता आया था। कोलकता से वह ट्रेन से कानपुर पहुंचा था और कानपुर से बस के जरिए लखनऊ आया था।डीआरआइ ने गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपित को



जिसने लखनऊ के हजरतगंज क्षेत्र से गोरखपुर निवासी तस्कर को दबोचा।डीआरआइ अधिकारियों के अनुसार आरोपित ने अपने कपड़ों में सोना छिपाकर रखा था। उसके पास से सोने के १६ बिस्किट व तीन पैकेट में रखा सोने का पेस्ट बरामद हुआ है। बरामद कुल सोने का वजन ३.२ किलोग्राम है। आरोपित दुबई से हजरतगंज क्षेत्र में दबोच लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह सोने की सप्लाई करने दिल्ली जा रहा था। दिल्ली में सोना किसे सप्लाई किया जाना था और सोना तस्करी के इस गिरोह में और कौन–कौन लोग शामिल हैं, ऐसे कई बिंदुओं पर डीआरआइ छानबीन कर रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी को मिला गंगा किनारे बसे सबसे स्वच्छ शहर का खिताब

वाराणासी। हम सबके लिए यह बहुत ही गर्व की बात है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय



क्षेत्र वाराणसी को देश में गंगा किनारे बसा सबसे स्वच्छ शहर का खिताब प्राप्त हुआ है। आपको बता दें कि यह लगातार दूसरी बार है जब सबसे स्वच्छ शहर के लिए वाराणसी को चुना गया है। इससे पहले केंद्र सरकार के वार्षिक सर्वेक्षण २०२० के अनुसार गंगा किनारे बसे सबसे स्वच्छ शहरों में सबसे शीर्ष स्थान वाराणसी का था। इतिहास से भी पुराना एवं सबसे पवित्र शहर वाराणसी को गंगा नदी के किनारे बसे सबसे साफ शहर बनाने में सबसे ज्यादा योगदान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र में बसी गंगा के अस्सी घाट से स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी। जिसके बाद से गंगा। के ८४ घाटों की सफाई बहुत तेज रफ्तार से बेहतर होती चली गई और इन्हीं सबका का नतीजा ये है कि आज वाराणसी को यह पुरस्कार मिला है। गार्बेज फ्री सिटी और सफाई मित्र चौलेंज की श्रेणी में उल्लेखनीय योगदान के लिए नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शनिवार को वाराणसी नगर निगम को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान को भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा दिया जाएगा। पुरस्कार लेने के लिए महापौर मृदुला जायसवाल नई दिल्ली पहुंच गई हैं।

# सरकार पर राहुल गांधी का निशाना, अब 'चीनी कब्जे' का सत्य भी मान लेना चाहिए

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तीन केंद्रीय कृषि कानूनों को निरस्त करने से जुड़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के बाद शनिवार को सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अब उसे 'चीन के कब्जे' का सत्य भी स्वीकार कर लेना चाहिए। कांग्रेस और राहुल गांधी चीन के साथ सीमा पर तनाव की स्थिति से



निपटने के सरकार के तौर–तरीकों को लेकर उसकी अक्सर आलोचना करते आ रहे हैं। राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट किया, "अब चीनी कब्जे का सत्य भी मान लेना चाहिए।" उधर, भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में संघर्ष के अन्य क्षेत्रों से सैनिकों को पूरी तरह से पीछे हटाने के मद्देनजर जल्द ही किसी तारीख पर अगले दौर की सैन्य स्तर की वार्ता आयोजित करने पर बृहस्पतिवार को सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, सीमा मामलों पर विचार विमर्श एवं समन्वय संबंधी कार्यकारी तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की डिजिटल माध्यम से आयोजित बैठक में दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति के संबंध में 'स्पष्ट एवं गहराई' के साथ चर्चा की और पिछली सैन्य स्तर की वार्ता के बाद के घटनाक्रम की समीक्षा की।

# पूर्व सैन्य अधिकारी की वृद्ध पत्नी से एक विदेशी ने २० लाख रुपये ठगे

नोएडा। नोएडा के सेक्टर–२८ में रहने वाले एक सैन्य अधिकारी की वृद्ध पत्नी से एक विदेशी ने २० लाख रुपये ठग लिए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी ने महिला को जन्मदिन का तोहफा देने के बहाने कोई पार्सल भेजा तथा सीमा शुल्क के नाम पर उनसे लाखों रुपये ठग लिए। सेक्टर–२० थाने के प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि सेक्टर–२८ में रहने वाली वृद्ध महिला मधु स्वरूप ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक व्यक्ति ने अनलाइन उनसे दोस्ती की। उसने उनके जन्मदिन पर विदेश से कीमती उपहार भेजने के लिए उनके घर का पता लिया। उन्होंने बताया कि कुछ दिन बाद ठग ने महिला से संपर्क किया तथा उन्हें कीमती तोहफा भेजने की सूचना दी। चौहान ने बताया कि इसके कुछ दिन बाद एक अज्ञात व्यक्ति ने महिला को फोन किया तथा अपने आप को सीमा शुल्क अधिकारी बताकर पार्सल के एवज में सीमा शुल्क जमा कराने को कहा। उन्होंने बताया कि साइबर ठगों ने महिला को अपने जाल में फंसा कर सीमा शुल्क के नाम पर करीब २० लाख रुपये ठग लिए। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, फेस–३ पुलिस ने मेट्रो रेल की सवारियों की जेब से मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और पैसे चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को शनिवार को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने चोरी किए हुए एटीएम कार्ड, डेबिट तथा क्रेडिट कार्ड और नकदी बरामद की है। इस बीच, हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक व्यक्ति को भी पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। थाना फेस–३ के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे प्रदीप ठाकुर नामक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि उसकी गिरफ्तारी अदालत द्वारा जारी वारंट के आधार पर हुई है।

# मेरठ से गढ़ तक का सफर जल्द होगा आसान, भूमि पूजन के साथ शुरू हुआ हाईवे-७०९ए का चौड़ीकरण का कार्य

मेरठ। मेरठ से गढ़ हाईवे–७०९ए के चौड़ीकरण कार्य का शुक्रवार को किठौर से शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम में मौजूद सांसद, विधायक, कमिश्नर व निर्माण कंपनी टाटा ग्रुप के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन किया। ५०.२५ किमी लंबे हाईवे का चौड़ीकरण कर इसे फोरलेन बनाया जाएगा। चौड़ीकरण का कार्य दो वर्ष में पूरा करना होगा। मेरठ से गढ़ और मुरादाबाद तक सुहाने सफर के लिए मेरठ–गढ़–७०९ए हाईवे के चौड़ीकरण की विधिवत शुरुआत हो गई। भूमि पूजन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि सांसद राजेंद्र अग्रवाल शामिल हुए। साथ ही किठौर विधायक सत्यवीर त्यागी, कमिश्नर सुरेन्द्र सिंह व निर्माण कंपनी के अधिकारी भी मौजूद रहे। सांसद व विधायक ने कहा कि हाईवे का चौड़ीकरण होने से जहां क्षेत्र का विकास होगा, वहीं युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए रास्ते भी खुलेंगे। कमिश्नर ने भी निर्माण कंपनी को समय व मानक के अनुरूप निर्माण कार्य करने के लिए निर्देशित किया। भूमि पूजन पंडित रवि शास्त्री व पल्लव शास्त्री ने किया। इस दौरान निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट हेड संजय शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर एम श्रीनिवासन राव, एडीएम एलए सुल्तान अशरफ सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। मंडलायुक्त मेरठ सुरेन्द्र सिंह, के अनुसार, हाईवे–७०९ए के चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। निर्माण कंपनी को निर्धारित समय सीमा व मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# नाले में गिरकर युवक की मौत,२ घंटे बाद निकाला गया शव

मेरठ। श्यामनगर निवासी चांद (३२) पुत्र अकबर की ब्रह्मपुरी में ओडियन सिनेमा हाल के बाहर नाले में गिरकर मौत हो गई है। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की




जानकारी की। जेसीबी से तलाश कराई गई, दो घंटे बाद शव बरामद होने पर स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। आसपास के निवासियों ने इसे नगर निगम की लापरवाही से हादसा बताते हुए आक्रोश जताया। बाद में पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लिसाड़ीगेट थाना क्षेत्र के श्यामनगर निवासी मोहम्मद चांद (३४) पुत्र अनवर पुराने मकान तोड़ने का ठेका लेता था। शुक्रवार रात दस बजे युवक अपने साथी फईम के साथ ओडियन नाले के रास्ते अपने घर जा रहा था। ब्रहमपुरी थाने के पास चांद ओडियन नाले में गिर गया। इसके बाद साथी फईम ने पुलिस को सूचना दी। मोके पर पहुंची ब्रह्मपुरी पुलिस के अनुसरार, ओडियन नाले की पुलिया पर जाते हुए चांद नाले में गिर गया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने शोर मचा दिया । पुलिस ने मौके पर पहुंच कर नगर निगम टीम को जानकारी दी। जेसीबी से दो घंटे तक गिरे युवक की नाले में तलाश की गयी, लेकिन शव का पता नहीं चल सका था। हालांकि बाद में काफी मशक्कत के बाद शव को पुलिस ने बरामद करते हुए परिजनों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराई। पुलिस से परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराने की मांग की, लेकिन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही हंगामा कर रहे लोगों का कहना था कि ओडियन नाला शहर के बीचों बीच निकल रहा है। यह नाला अब तक कई लोगों की जान ले चूका है। नाले पर न तो रेलिंग है और न ही भीड़भाड़ वाली जगह यह ढका गया है। ब्रह्मपुरी थाने के पास सबसे ज्यादा हादसा हो रह हैं। चांद के साथी ने बताया की रात में जाते समय युवक का पैर फिसल गया।

# साले और बीवी से परेशान पति ने शादी के एक हफ्ते बाद ही उठा लिया ये बड़ा कदम

मुजफ्फरनगर। शामली जिले के एक गांव में २३ साल के युवक ने कथित रूप से जहरीले पदार्थ का सेवन कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शनिवार को बताया कि युवक की एक सप्ताह पहले ही शादी हुई थी तथा कथित रूप से अपनी पत्नी और उसके भाई के उत्पीड़न से तंग आकर उसने यह कदम उठाया। बाबरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार को यह घटना घटी। पुलिस के अनुसार शामली जिले के चूनसा गांव के रहने वाले प्रयास नाम के युवक ने आत्महत्या कर ली। उसकी १४ नवंबर को कोमल नामक महिला से शादी हुई थी। प्रयास की बहन सीमा ने पुलिस में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया कि युवक की पत्नी कोमल और साले नितिन कुमार ने उसका उत्पीड़न किया जिस वजह से उसने यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार मामले में जांच चल रही है।

# झारखंड में रेलवे पटरियों पर बम विस्फोट होने से डीजल इंजन पटरी से उतरा


नयी दिल्ली। झारखंड के धनबाद मंडल में रेलवे की पटरियों का एक हिस्सा विस्फोट के कारण क्षतिग्रस्त होने से शनिवार सुबह यहां एक डीजल इंजन पटरियों से उतर गया। भारतीय रेलवे ने बताया कि धनबाद मंडल के गढ़वा रोड और बरकाकाना खंड के बीच "बम विस्फोट" हुआ। उसने बताया, "उपद्रवियों द्वारा बम विस्फोट करने की असामान्य घटना में धनबाद मंडल में डीजल का इंजन पटरी से उतर गया।" सूत्रों ने इसे नक्सली घटना बताया। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। पटरियों की मरम्मत का कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है।

# प्यार करने का अर्थ ये नहीं है शारीरिक संबंध बनाने का लाइसेंस मिल गया है : केरल हाई कोर्ट

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने बलात्कार के मामले में दोषी करार दिए गए एक व्यक्ति द्वारा दायर अपील पर विचार करते हुए कहा कि अपरिहार्य मजबूरी के सामने बेबसी को सहमति नहीं माना जा सकता है। न्यायमूर्ति आर नारायण पिशारदी ने अपने आदेश में कहा कि केवल इसलिए कि पीड़िता आरोपी से प्यार करती थी, यह नहीं माना जा सकता कि उसने संबंध बनाने के लिए सहमति दी थी। अदालत ने ३१ तारीख के अपने आदेश में कहा, ''कानून के परिप्रेक्ष्य में अपरिहार्य मजबूरी के सामने बेबसी को सहमति नहीं माना जा सकता। सहमति के लिए किसी कृत्य के बारे में और इसके नैतिक प्रभाव का बोध होना आवश्यक है। केवल इस वजह से कि पीड़िता आरोपी से प्यार करती थी, यह नहीं कहा जा सकता कि उसने शारीरिक संबंध के लिए सहमति दी थी।'' अदालत २६ वर्षीय श्याम सिवन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने अपनी दोषसिद्धि और निचली अदालत द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा ३७६ समेत विभिन्न धाराओं के तहत सुनाई गई सजा को चुनौती दी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी २०१३ में एक लड़की को मैसूर ले गया था, जिसके साथ उसके संबंध थे और लड़की की सहमति के बिना उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। अदालत ने यह भी कहा कि आरोपी ने उसके सोने के सभी गहने बेच दिए और फिर उसे गोवा ले गया, जहां उसने लड़की से फिर से बलात्कार किया। अदालत ने कहा, ''लड़की द्वारा प्रस्तुत किए सबूत बताते हैं कि उसने धमकी दी थी कि अगर वह उसके साथ नहीं गई तो वह (आरोपी) उसके घर के सामने आत्महत्या कर लेगा।'' अदालत ने कहा कि अगर यह मान लिया जाए कि बाद के मौकों पर लड़की ने आरोपी के कृत्य का विरोध नहीं किया तो भी यह नहीं कहा जा सकता है कि आरोपी को उसने शारीरिक संबंध बनाने की सहमति दी थी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यह माना जा सकता है कि पीड़ित लड़की ने किसी अपरिहार्य परिस्थितियों में ऐसा नहीं किया होगा, क्योंकि उसके पास कोई अन्य विकल्प नहीं था। हालाकि, अदालत ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत दोषसिद्धि को रद्द कर दिया क्योंकि पीड़िता की उम्र साबित नहीं हुई। अदालत ने कहा कि आरोपी का कृत्य स्पष्ट रूप से भारतीय दंड संहिता (अपहरण और बलात्कार) की धारा ३६६ और ३७६ के तहत दंडनीय अपराध है।

# पाकिस्तान लगातार कर रहा भारत को अशांत करने की कोशिश, राजनाथ बोले- हम पलटवार करेंगे

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में आयोजित शहीद सम्मान यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शहीद जवानों के परिजनों का जमकर हौसला बढ़ाया। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को भी चेतावनी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत में शांति को अस्थित करने के लिए हर संभव प्रयास करता है। लेकिन हमने उन्हें स्पष्ट संदेश दे दिया है कि हम पलटवार करेंगे। इसके साथ ही रक्षा मंत्री ने कहा कि यह एक नया और शक्तिशाली भारत है राजनाथ सिंह ने कहा कि १८ नवंबर को मैं रेजांग एलए गया जहां मुझे कुमाऊं बटालियन के १२४ जवानों द्वारा किए गए चमत्कार के बारे में बताया गया.इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। मुझे बताया गया कि ११४ जवान शहीद हुए, लेकिन उन्होंने १२०० से अधिक चीनी सैनिकों को मार डाला। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में ४ धाम हैं और अब यहां उतराखंड सरकार सैन्य धाम बना



देती है तो यह हमारा पांचवां धाम होगा। शहीद परिवारों के घर से मिट्टी आनी चाहिए और शहीदों और उनके गांवों के नाम अंकित होने चाहिए। राजनाथ ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले में गढ़वाल गया था। वहां जो मैंने उत्साह देखा वह अद्भुत था। गढ़वालियों को उचित सम्मान मिलना चाहिए जो हमारी उत्तराखंड की सरकार ने दिया है।

# कभी नहीं सोचा था कि भारतीय टीम में पदार्पण नहीं कर सकूंगा : हर्षल पटेल

रांची। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के साथ प्रभावित करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज हर्षल पटेल का मानना है कि उनकी सफलता का राज यह है कि उन्होंने अपनी सीमाओं को पहचाना और अपनी असल क्षमता को मैदान पर दिखाने के लिये मेहनत की। अपने ३१वें जन्मदिन से चार दिन पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले हर्षल ने आईपीएल २०२१ सत्र में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोरकेलिये शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ कल दूसरे टी२० मैच में २५ रन देकर दो विकेट लिये और मैन आफ द मैच रहे। उन्होंने मैच के बाद कहा ,''मुझे पता था कि मैं शीर्ष स्तर पर खेल सकता हूं। मैं शीर्ष स्तर पर बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। मैं अपनी क्षमता का सर्वश्रेष्ठ प्रयोग करने के लिये मेहनत कर रहा था।मुझे एक पल को भी नहीं लगा कि भारतीय टीम में




पदार्पण नहीं कर सकूंगा।'' हर्षल ने २००८ . ०६ में वीनू मांकड़ ट्रफी में पदार्पण करके २३ विकेट लिये।इसके बाद गुजरात के लिये खेले और २०१० अंडर १६ विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे। रणजी ट्रॉफी में उन्हें गुजरात के लिये खेलने का मौका नहीं मिला तो वह हरियाणा के लिये खेलने लगे और २०११ . १२ सत्र में २८ विकेट लिये। उन्होंने कहा कि घरेलू क्रिकेट खेलकर उन्हें अपनी क्षमता का पता चला और उसी पर उन्होंने मेहनत की। उन्होंने कहा ,'' तेज गेंदबाज को रफ्तार चाहिये लेकिन मुझे लगा कि मैं १३५ किमी प्रति घंटे से ज्यादा तेज गेंद नहीं फेंक सकता। बहुत कोशिश करने पर १४० लेकिन उससे ज्यादा नहीं। फिर मैने दूसरी चीजों पर फोकस किया और अपने कौशल को निखारा।'' उन्होंने कहा'' मेरा एक्शन बायो मैकेनिक्स की नजर में परफेक्ट नहीं है लेकिन यही मेरी ताकत बन गया। इसी की वजह से बल्लेबाजों को मुझे खेलने में दिक्कत आती है।

# भाजपा का बूथ सदस्यता अभियान कल से होगा शुरू, घर-घर दस्तक देंगे पदाधिकारी

लखनऊ। मतदाता बनने की उम्र में पहुंच चुके युवाओं को मतदाता बनाने के लिए भाजपा रविवार से बूथ सदस्यता अभियान चलाएगी। जिसमें पार्टी के बड़े पदाधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि तक घर–घर जाकर युवाओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही उन्हें भाजपा से भी जोड़ेंगे। पार्टी २१, २७ व २८ नवम्बर को बूथों पर विशेष अभियान चलाएगी। भाजपा की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी का सदस्यता अभियान २० नवम्बर तक कैम्प सदस्यता के माध्यम से प्रदेश में हजारों कैम्प लगाकर भाजपा परिवार के विस्तार के साथ आगे बढ़ा और अब अभियान अपने द्वितीय चरण में बूथ सदस्यता अभियान के माध्यम से आगे बढेघा। इस अभियान के तहत भाजपा घर–घर लगाएगी 'मेरा परिवार–भाजपा परिवार' के स्टीकर। पार्टी के बूथ सदस्यता अभियान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश महामंत्री (संगठन) सुनील बंसल सहित प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी के प्रदेश से लेकर जिले तक के पदाधिकारी, सांसद, विधायक, आयोग–निगम–बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्य, महापौर, नगर निगम पार्षद, नगर पालिका अध्यक्ष व पार्षद, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि समेत पार्टी के कार्यकर्ता शामिल होंगे। यह लोग २१ नवम्बर से प्रारम्भ होने वाले बूथ सदस्यता अभियान के तहत बूथ के प्रत्येक घर पर पहुंचकर मिस्डकाल कराकर भाजपा का सदस्य बनाएगें। जबकि पार्टी २१, २७ व २८ नवम्बर को बूथ पर विशेष सदस्यता अभियान के चलाकर अपने पार्टी के सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं की बूथ पर मौजूदगी सुनिश्चित करेगी। अभियान के दौरान घरों पर स्टीकर लगाने के साथ ही पार्टी भाजपा परिवार से जुडेद्द नए सदस्यों को भाजपा पट्टिका पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत व अभिनन्दन करेगी।

# क्रिप्टो करेंसी पर विधेयक ला सकती है सरकार, संसदीय समिति के कई सदस्य इसपर प्रतिबंध के खिलाफ

नयी दिल्ली। क्रिप्टो करेंसी को लेकर केंद्र सरकार बड़ा फैसला लेने जा रही है। जानकारी के मुताबिक संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार क्रिप्टो करेंसी पर विधेयक ला सकती है। संसद का शीतकालीन सत्र २६ नवंबर से शुरू हो रहा है। यह खबर ऐसे वक्त में आ रही है जब क्रिप्टो करेंसी को लेकर लगातार चिंता जताई जा रही है। इसी को लेकर भाजपा नेता जयंत सिन्हा की अध्यक्षता वाली एक संसदीय समिति ने विभिन्न हितधारकों के साथ क्रिप्टो वित्त और क्रिप्टोकरंसी के गुण दोष पर चर्चा की। इस बैठक में एक बार सामने निकल कर आया और वह यह है कि कई सदस्य क्रिप्टो करेंसी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की बजाय इसे बाजार को विनियमित करने के पक्ष में है। सरकार संसद में क्रिप्टो करेंसी पर विधेयक ला सकती है। हालांकि इसके इस्तेमाल को लेकर विभिन्न प्रकार की आशंका जताई जा रही है। निवेशकों को भ्रामक दावों के साथ आकर्षित करने और आतंक के वित्तपोषण के लिए किए जाने की आशंका है। अभी देश में क्रिप्टो करेंसी को लेकर कोई विशेष नियमन नहीं हैं। न ही देश में इस पर प्रतिबंध ही लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को क्रिप्टो करेंसी पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की थी। इससे संकेत मिलता है कि सरकार इस मुद्दे से निपटने को सख्त नियामकीय कदम उठा सकती है। सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित विधेयक निवेशक संरक्षण पर केंद्रित होगा क्योंकि क्रिप्टो करेंसी जटिल संपत्ति वर्ग में आती है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद सरकार का इस विधे



यक को शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह में पेश करने का इरादा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अगस्त में कहा था कि उन्हें क्रिप्टो करेंसी विधेयक पर मंत्रिमंडल की मंजूरी का इंतजार है। सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक दोनों हाल के महीनों में क्रिप्टो करेंसी पर चिंता जता चुके हैं। जयंत सिन्हा की अध्यक्षता वाली एक संसदीय समिति ने विभिन्न हितधारकों के साथ क्रिप्टो वित्त और क्रिप्टो करेंसी के गुण–दोष पर चर्चा की। यह बैठक क्रिप्टो करेंसी के बारे में विभिन्न वर्गों में बढ़ती चिंताओं और उनमें व्यापार से उत्पन्न संभावित जोखिमों की पृष्ठभूमि के मद्देनजर हुई है, खासकर जब से दुनियाभर में ऐसी संपत्तियों में रुचि बढ़ी है। वर्तमान में देश में इसको लेकर न तो विशिष्ट नियम हैं और न ही क्रिप्टो करेंसी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध है। क्रिप्टो एक्सचेंजों के प्रतिनिधियों, ब्लॉक चेन और क्रिप्टो एसेट्स काउंसिल (बीएसीसी), उद्योग निकायों के साथ–साथ शिक्षाविदों और अन्य हितधारकों ने समिति के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए। क्रिप्टो करेंसी एक डिजिटल करेंसी है। इसे आप न तो देख सकते हैं, न छू सकते हैं क्योंकि भौतिक रूप में क्रिप्टो करेंसी का मुद्रण नहीं किया जाता। इसलिए इसे आभासी मुद्रा कहा जाता है। यह पिछले कुछ सालों में ऐसी करेंसी काफी प्रचलित हुई है। क्रिप्टो करेंसी एक ऐसी मुद्रा है जो कंप्यूटर एल्गोरिथ्म पर बनी होती है। यह एक स्वतंत्र मुद्रा है जिसका कोई मालिक नहीं होता। यह करेंसी किसी भी एक अथरिटी के काबू में भी नहीं होती। यह एक डिजिटल करेंसी होती है जिसके लिए क्रिप्टोग्राफी का प्रयोग किया जाता है। आमतौर पर इसका प्रयोग किसी सामान की खरीदारी या कोई सर्विस खरीदने के लिए किया जा सकता है।

# लोकतंत्र में किसी की उपेक्षा नहीं की जा सकती: सीएम

लखनऊ। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरु नानक देव के ५५२वें प्रकाशोत्सव पर डीएवी कालेज मैदान में आयोजित



प्रकाशोत्सव पर में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुंदेलखंड से पहले हमने कहा कि एक मिनट के लिए ही जाऊंगा, लेकिन जाऊंगा जरूर। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर शुक्रवार को सुबह आठ बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की। यह ेंषि कानून चाहे जैसे भी रहे हों इसका विरोध हुआ है तो लोकतंत्र में हम इस आवाज की अनसुनी नहीं कर सकते हैं। यह हमारी कमी थी कि हम सही चीज समय पर उन तक पहुंचाने में कामयाब नहीं हुए। अब आपसी समन्वय से बातचीत से इन समस्याओं का समाधान करेंगे। लोकतंत्र की यह सबसे बड़ी ताकत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख धर्म के इतिहास के बगैर भारत का इतिहास अधूरा है। इस प्रकार के आयोजन केवल सिख समुदाय तक सीमित न रखकर पूरे भारत में मनाना चाहिए।कहा, गुरु नानक देव सिद्धपुरुष थे, पर अपनी सिद्धि का उन्हें कोई अहंकार नहीं था। बाबर को जाबर कहने का साहस उस कालखंड में गुरु नानक देव ही कर सकते थे। हम सब को सिख गुरुओं के महान तप, साधना, सिद्धि और देश धर्म के लिए किए गए कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनकी प्रेरणा हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा, महापौर संयुक्ता भाटिया, विधायक सुरेश चंद्र तिवारी, अल्प संख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह, उप्र सिंधी अकादमी के उपाध्यक्ष नानक चंद लखमानी और सतपाल सिंह मीत सहित सिख समाज के लोग शामिल हुए।

# नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने ७० से अधिक थिंक टैंक के साथ की चर्चा

नयी दिल्ली। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने बुधवार को ७० से अधिक थिंक टैंक के साथ अर्थव्यवस्था की स्थिति, व्यापार और प्रतिस्पर्धात्मक बुनियादी बातों को लेकर चर्चा की। राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एन आईपीएफपी), आई सीआर आईईआर, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए), विकास अध्ययन केंद्र (सीडीएस), गिरि विकास अध्ययन संस्थान (जीआईडीएस) समेत कई थिंक टैंक बैठक में मौजूद रहे। उन्होंने अधिक रोजगार सृजित करने, निर्यात में सुधार करने, और संवर्धित सामाजिक सुरक्षा के साथ आयात में विविधता को बढ़ावा देने के लिए कई सुझाव दिए। नीति आयोग ने ट्वीट कर कहा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमिताभ कांत ने भारत की समग्र वृद्धि स्थिरता को बढ़ाने के लिए निर्यात ऋण के महत्व और वैश्विक मूल्य श्रृंखला नेटवर्क में भागीदारी में वृद्धि को लेकर बातचीत की।


# लखनऊ और कानपुर समेत उत्तर प्रदेश में बूंदाबांदी ने दी सर्दी की आहट

लखनऊ। राजधानी लखनऊ और कानपुर समेत उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में आसमान में छाये बादल और बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में हवा के कम दवाब का क्षेत्र बनने के कारण छिटपुट बारिश के हालात बने हैं। हालांकि अगले २४ घंटों में इक्का दुक्का इलाकों को छोड़कर बारिश की संभावना अति क्षीण है। रविवार को आसमान साफ रहने के आसार हैं, हालांकि सुबह के समय कुछ एक इलाकों में कोहरा पड़ सकता है। इस दौरान रात के तापमान में गिरावट का दौर जारी रहने का अनुमान है। बूंदाबांदी के बावजूद कानपुर और लखनऊ में वायु की गुणवत्ता में विशेष सुधार नजर नहीं आया है और इन शहरों में एक्यूआई २३० से अधिक दर्ज किया गया। चिकित्सकों ने श्वांस और हृदय रोगियों को विशेषकर घरों में रहने की सलाह दी है। इस बीच प्रदेश सरकार ने गरीब और निराश्रितों को ठंड से बचाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। वहीं, पहले चरण में ३५० तहसीलों के लिए कुल १६ करोड़ २५ लाख रुपये जारी किये हैं। इस राशि से सार्वजनिक स्थल पर अलाव जलवाने और जरूरतमन्दों को कम्बल बांटने की व्यवस्था की जायेगी। शीतलहर के कारण पैदा होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए निराश्रित और असहाय व कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कम्बल खरीदने के लिये प्रत्येक तहसील के लिए पांच लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को शीतलहर में आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए एलर्ट रहने के निर्देश भी जारी किये हैं। मुख्य रूप से असहाय, निराश्रित और कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों पर विशेष ध्यान देने को कहा है। पहले चरण में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, बुंदलशहर, गौतमबुद्ध नगर, बागपत की तहसीलों में सरकार ने अपने प्रयास को शुरू किया है। वहीं, ३५० तहसीलों को १७ करोड़ ५० लाख रुपये जारी किये गये हैं, जिनमें कंबल खरीदने के लिए प्रत्येक तहसील को ५ लाख रुपये जारी किये हैं। इसके अलावा अलाव जलाने के लिए ५० हजार और अन्य व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए १ करोड़ ७५ लाख रुपये दिये जाने का शासनादेश कर दिया है।

# अद्भुत दीवार : भारत की सबसे लम्बी दीवार

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

चीन की दीवार के बारे में अपने पढ़ा ही होगा . कहा जाता है कि यह दुनिया की सबसे लंबी दीवार है, जिसकी लंबाई करीब ६४०० किलोमीटर है. लेकिन शायद ही आप ये बात जानते होंगे कि चीन की दीवार के बाद दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार भारत में है. इसकी शानदार बनावट और लंबाई को देखते हुए इसे भारत की महान दीवार यानि ग्रेट वाल आफ इन्डिया का दर्जा दिया गया है. इस दीवार के निर्माण से जुड़ी एक बेहद ही रहस्यमय कहानी है, जिसके बारे में जानकर आप क्या कोई भी हैरान रह जाएगा. इसे कुंभलगढ़ की दीवार के नाम से जाना जाता है, जो राजस्थान के राजसमंद जिले में स्थित है. असल में कुंभलगढ़ एक किला है, जिसे अजेयगढ़' भी कहा जाता था, क्योंकि इस किले पर विजय प्राप्त करना बेहद ही मुश्किल था.आपको जानकर हैरानी होगी कि इस किले की दीवार को भेदने में मुगल शासक अकबर के भी पसीने छूट गए थे. कुंभलगढ़ किले का निर्माण महाराणा कुंभा ने करवाया था. कहते हैं कि इसे बनने में १५ साल का लंबा समय लगा था. १६वीं सदी में महान शासक महाराणा प्रताप का जन्म भी इसी किले में हुआ था. कहा जाता है कि हल्दी घाटी की युद्ध के बाद महाराणा प्रताप काफी समय तक इसी किले में रहे थे. इसके अलावा महाराणा सांगा का बचपन भी इसी किले में बीता था. इस किले के अंदर ३६० से ज्यादा मंदिर हैं, जिनमें से ३०० प्राचीन जैन मंदिर और बाकि हिंदू मंदिर हैं. हालांकि इनमें से अब बहुत सारे मंदिर खंडहर हो गए हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि इस किले के अंदर भी एक और किला है, जिसे श्कटारगढ़श के नाम से जाना जाता है. कुंभलगढ़ किला सात विशाल द्वारों से सुरक्षित है। किले में घुसने के लिए आरेठपोल, हल्लापोल, हनुमानपोल और विजयपाल आदि दरवाजे हैं. कुंभलगढ़ किले की दीवार करीब ३६ किलोमीटर लंबी है. यह दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार है. इस दीवार की चौड़ाई करीब १५ मीटर है। कहते हैं कि इस पर एक साथ करीब १० घोड़े दौड़ाए जा सकते हैं. यह दीवार पहाड़ की चोटी से घाटियों तक फैली हुई है। सैकड़ों साल पहले बनने के बाद भी यह दीवार वैसा का वैसा ही खड़ा है, यह कहीं से भी क्षतिग्रस्त नहीं है. कुंभलगढ़ किले की दीवार के निर्माण से जुड़ी एक बेहद ही रहस्यमय कहानी है. कहते हैं कि सन् १४४३ में महाराणा कुंभा ने जब इसका निर्माण कार्य शुरू करवाया, तो इसमें बहुत सारी अड़चनें आने लगीं. इससे चिंतित होकर राणा कुंभा ने एक संत को बुलवाया और अपनी सारी परेशानियां बताई. उस संत ने कहा कि दीवार के बनने का काम तभी आगे बढ़ेगा, जब स्वेच्छा से कोई इंसान खुद की बलि देगा. यह सुनकर राणा कुंभा फिर से चिंतित हो गए, लेकिन तभी एक अन्य संत ने कहा कि इसके लिए वह खुद की बलि देने के लिए तैयार हैं. उन्होंने कहा कि उन्हें पहाड़ी पर चलने दिया जाए और जहां भी वह रुकें, उन्हें मार दिया जाए और वहां देवी का एक मंदिर बनाया जाए. कहते हैं कि वह संत ३६ किलोमीटर तक चलने के बाद रुक गए. इसके बाद वहीं पर उनकी बलि दे दी गई। इस तरह दीवार का निर्माण कार्य पूरा हो सका था. कुंभलगढ़ को चारों तरफ से घेरे इस दीवार को कुंभलगढ़ का शसिटी वलश कहा जाता है. रात में दीवार के चारों तरफ मशालें जलाई जाती हैं, जिसकी रौशनी से पूरी दीवार जगमगा उठती है. यह अद्भुत नजारा देखने के लिए बड़ी संख्या में यहां सैलानी आते हैं और पर्वत की चोटी से इस नजारे का लुत्फ उठाते हैं।






# कांग्रेस पार्टी अकेले दम पर सभी सीटों पर लड़ेगी चुनाव, शिव भगवान।

गोला खीरी। गोला लखीमपुर रोड स्थित नानक पुलिस चौकी के निकट कांग्रेसियों जिला अध्यक्ष शुभम अग्निहोत्री के आवास पर पूर्व महासचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के शिव भगवान ने पत्रकारों को बताया कि २०२२ के आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी अकेले दम पर लड़ेगी सभी सीटों पर चुनाव, मालूम हो कि नानक बाबा पुलिस चौकी के निकट शुभम अग्निहोत्री युवा कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष के आवास पर उत्तर प्रदेश के पूर्व महासचिव व पूर्व कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी शिव भगवान ने बताया कि कांग्रेस पार्टी की उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी ने हमको जिला लखीमपुर खीरी की जिम्मेदारी सौंपी है। और उनके ही दिशा निर्देशन में यह लखीमपुर खीरी में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को मजबूत करने व कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का लक्ष्य दिया गया है, जिस पर हम जोर शोर से प्रयासरत हैं, हमारी सरकार आगामी २०२२ में पूर्ण रूप से सरकार बनाएगी इसमें कोई दो राय नहीं है। भाजपा की कथनी और करनी में फर्क है। अभी हाल ही में किसानों के तीनों बिल माफ कर दिया गया है, यह केवल २०२२ का आगामी विधानसभा चुनाव का झुनझुना है, इसके बाद किसान खून के आंसू रोएंगे यह बात जगजाहिर है, कांग्रेस पार्टी ने पिछले ७० सालों से जो किया है, वह सब आप देख रहे हैं, किसी को भी बताने की भी कोई जरूरत नहीं है, भाजपा ने ७ वर्षों में देश को आर्थिक तंगी से जूझने पर मजबूर कर दिया है, कोरोना काल को बढ़ा चढ़ाकर दिखाया गया है, और विदेशो से अरबों खरबों रुपए लेकर अपनी जेब भरने का कार्य भाजपा के सांसदो ने व कार्यकर्ताओं ने किया है। उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार बनने पर किसानों का पूरा कर्जा माफ किया जाएगा किसानों को छ२५००० में गेहूं धान का समर्थन मूल्य व छ४०० गन्ने का रेट बिजली बिल माफ करोना काल में मरने वाले को २५००० २० लाख वेरोजगारो को नौकरी कोई भी बड़ी बीमारी होने पर १०००००० रुपए तक का इलाज का खर्चा भी दिया जाएगा, इतना ही नहीं टिकटों में महिलाओं को ४०ः की हिस्सेदारी, छात्राओं को स्मार्टफोन व स्कूटी दी जाएगी, सालाना महिलाओं को तीन गैस सिलेंडर मुफ्त दिये जायेगे, महिलाओ की बस यात्रा सुविधा फ्री की जाएगी। एवं आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं को छ१०००० प्रति महीना वेतन दिया जाएगा । इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता ईश्वर दिन वर्मा, युवा नेता शुभम अग्निहोत्री हाईकोर्ट के अधिवक्ता चंद्रप्काश, इलियास सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राहुल गांधी का 'मोदी सरकार' पर बड़ा हमला, कहा– अब :चीनी कब्जे' का भी मान लेना चाहिए सत्य

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर बड़ा हमला



करते हुए चीन का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि अब चीनी कब्जे का सत्य भी मान लेना चाहिए। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया था। कांग्रेस और राहुल गांधी लगातार चीन के मुद्दे को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधते रहते हैं। आपको बता दें कि भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख का मसला हल करने के लिए लगातार सैन्य स्तर की वार्ता हो रही है और अब अगले दौर की वार्ता आयोजित करने पर सहमति बन गई है। माना जा रहा है कि भारत–चीन के बीच होने वाली अगली वार्ता में संघर्ष वाले स्थानों से सैनिकों को पूरी तरह से पीछे हटाने के मुद्दे पर चर्चा होगी।

# सरकार संस्कृत विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए कटिबद्ध : दिनेश शर्मा

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि सरकार संस्कृत विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए कटिबद्ध है और इसके लिये हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। प्रादेशिक संस्कृत शिक्षक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए शर्मा ने शनिवार को



यहां कहा कि संस्कृत शिक्षकों के खाली पदों पर सेवानिवृत्त शिक्षकों की निश्चित मानदेय पर नियुक्ति का प्राविधान किया है। साथ ही अभियान चलाकर पारदर्शी तरह से संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को लगभग पूरा किया है। यूपी की यह पहली सरकार है। जिसने संस्कृत को प्रोत्साहन के लिए संस्कृत निदेशालय के गठन की घोषणा के साथ ही इसके लिए धनराशि भी जारी कर दी है। वहीं, संस्कृत शिक्षा परिषद के नए भवन का निर्माण आरंभ हो चुका है। तदर्थ शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार चिन्तनशील है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि यूपी में २०१६ के पूर्व शिक्षा व्यवस्था खस्ताहाल थी। नकल एक उद्योग का रुप ले चुका था। पर वर्तमान सरकार ने सत्ता में आते ही नकल पर रोक लगाने का काम किया है। इसके अलावा दिनेश शर्मा ने कहा कि आज के समय में आधुनिकता को अपनाने के साथ ही देश की संस्ंति और परम्पराओं को सहेजना जरुरी है। अपनी संस्ंति को भूलना कष्टदायक है। समय के बदलाव के साथ व्यवस्थाएं भी बदली हैं। हमारी व्यवस्था में भारत की संस्कृति का निवास है। आज पाश्चात्य संस्कृत से प्रभावित शहरी संस्कारों का प्रभाव गांवों पर होने लगा है। साथ ही कहा कि ऋषि मुनियों की पावन भूमि नैमिष का संदेश पूरी दुनिया में जाता है इस लिए यहां का संदेश जाति सम्प्रदाय ऊपर उठकर होना चाहिए।

# पत्नी की हत्या के बाद लगाई फांसी

लखनऊ। गोमती नगर विस्तार के गंगोत्री विहार फेस दो में संदिग्ध हालात में दंपती की मौत हो गई। दंपती ने मंगलवार को ही गृह प्रवेश किया था। दोनों ने मंगलवार रात में परिवार व रिश्तेदारों के साथ पार्टी भी की थी। देर रात तक वहां काफी हलचल थी। आशंका जताई जा रही है कि पति ने पत्नी की हत्या के बाद फांसी लगाई थी।प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फ सिटी ने बताया कि श्याम किशोर मिश्रा व उनकी पत्नी साधना की मौत हुई है। घरवालों का कहना है कि दोनों ने घर में फांसी लगा ली थी। दरवाजा तोड़ कर दोनों को निकाला गया। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया



कि मंगलवार सुबह दंपती ने काफी देर तक दरवाजा नहीं खोला। परिवार जन ने उन्हें आवाज दी, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अनहोनी की आशंका पर घरवालों ने दरवाजा तोड़ दिया और भीतर दाखिल हुए। श्याम किशोर के घरवालों का कहना है कि दंपती फंदे पर लटके थे। काफी देर तक किसी ने पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। साधना के मायके वालों को जब घटना की जानकारी हुई तो वह वहां पहुंचे। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया। आशंका जताई जा रही है कि श्याम किशोर ने पत्नी की हत्या के बाद फांसी लगा ली थी। दोनों में देर रात किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। हालांकि, घरवालों को इस बात की जानकारी नहीं है कि श्याम किशोर और साधना में किस बात को लेकर विवाद हुआ था।

# होटल मालिक की हत्या में दो गिरफ्तार

लखनऊ। आलमबाग में चिकचिक रेस्टोरेंट के संचालक जसविंदर सिंह उर्फ रोमी की हत्या के मामले में दो अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार हत्यारोपितों में जोगिंदर सिंह उर्फ बोनी और नितीश भटनागर है। हत्या बाहुबली मुख्तार अंसारी के गुर्गे जुगुनू वालिया के इशारे पर की गई थी। पुलिस अब वारदात में शामिल एक अन्य की तलाश में दबिश दे रही है। इंस्पेक्टर अनिल सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित जोगिंदर ऐशबाग पुल के पास और नितीश बिरहाना जोशी टोला में का रहने वाला है।बीते दिनों हत्या में जेल भेजे गए दीपक मखीजा और जसप्रीत को पुलिस ने रिमांड पर लिया था। दो दिन की रिमांड के दौरान पूछताछ में जोगिंदर और नितीश के बारे में जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की। दोनों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या में एक आरोपित अभी



और फरार चल रहा है। उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि हत्या जुगुनू वालिया के इशारे पर हुई थी। जुगुनू वालिया, बाहुबली मुख्तार अंसारी का करीबी है। एसीपी आलमबाग ने बताया कि बीते २७ अक्टूबर की रात चिकचिक रेस्टोरेंट के मालिक जसविंदर को कार सवार दीपक मखीजा और उसके साथी जसप्रीत ने मारा था। दोनों का जसविंदर से विवाद हुआ था। इसके बाद दीपक मखीजा ने दो गोलियां मारी थी।सीने और पेट में गोली लगने से ट्रामा में इलाज के दौरान जसविंदर की मौत हो गई थी। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। दोनों को शुक्रवार को रिमाड पर लिया गया था। शनिवार को उनकी निशानदेही पर एसीपी कैंट के दफ्तर के पीछे से वारदात में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद की गई थी। रुपयों को लेकर विवाद था। इसके अलावा वर्चस्व समेत कई अन्य विवाद भी उनके बीच चल रहे थे।

# पशु चिकित्सालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के अंतर्गत पशु चिकित्सालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक के लडके कृष्ण कुमार पुत्र सुधीर कुमार निवासी सलेमपुर थाना गोसाईगंज ने थाने पर लिखित सूचना देते हुए बताया है कि १५ नवंबर को हमारे पिता सुधीर कुमार अफिस से देर रात तक जब घर नहीं पहुंचे तो हम लोगों ने आसपास काफी खोजबीन की न मिलने पर पशु चिकित्सालय गंगागंज अफिस पर ढूंढते हुए आया और देखा कि कार्यालय का दरवाजा बंद था दरवाजा को धक्का देकर खोला तो देखा कि हमारे पिता सुधीर कुमार का शव पंखे से लटका हुआ दिखाई दिया आनन–फानन में इसकी सूचना गोसाईगंज पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज



दिया पुलिस द्वारा बताया गया कि चिकित्सालय में लगे छत वाले पंखे में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें फांसी लगाने का कारण मृतक ने ब्लड कैंसर होना बताया है मृतक पशु चिकित्सालय में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी था।

# गंगा एक्सप्रेस–वे के निर्माण को पर्यावरण मंत्रालय ने दी मंजूरी

लखनऊ। गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण का रास्ता अब साफ हो गया है। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार ने भी शनिवार को इसकी मंजूरी दे दी है। इस निर्माण कार्य के लिए तकरीबन ६४ फीसदी भूमि अधिगृहीत भी की जा चुकी है। निर्माण कार्य शुरू करने के लिए जल्द ही टेंडर संबंधी प्रक्रियां भी पूरी की जाएगी, जिससे समय से कार्य शुरू हो सके। प्रदेश सरकार की परियोजना गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए शनिवार को राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अथरिटी, उप्र के सदस्य सचिव ने पर्यावरणीय मंजूरी जारी कर दी है। बताते चले कि पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना–२००६ के अंतर्गत शेड्यूल में आच्छादित इस प्रोजेक्ट के निर्माण से पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त करना जरूरी होता है। इसी



अधिसूचना के तहत यूपीडा ने गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए पर्यावरणीय मंजूरी ली है। इस एक्सप्रेसवे परियोजना की कुल अनुमानित लागत ३६२३० करोड़ रुपए है। यह एक्सप्रेसवे ५६४ किमी. लम्बा है जो मेरठ, बुलंदशहर मार्ग पर जनपद मेरठ के बिजौली ग्राम के समीप से शुरू होकर प्रयागराज बाइपास पर जनपद प्रयागराज के जुडापुर दादू ग्राम के समीप खत्म होगा। यह एक्सप्रेसवे १२ जनपद मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ एवं प्रयागराज से होकर गुजरेगा। यह एक्सप्रेसवे छह लेन चौड़ा होगा। इस एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य चल रहा है। अब तक लगभग ६४ प्रतिशत भूमि अधिगृहीत की जा चुकी है। इस एक्सप्रेसवे परियोजना के निर्माण से लोगों को रोजगार भी मिलेगा।अ

# किशोरी ने दुपट्टे से लगाई फांसी , मौत

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी ने गुरुवार सुबह अपने घर में लगे पंखे हुक में दुपट्टे से फांसी लगा ली। किशोरी को फंदे पर झूलता देख परिजन आनन–फानन में लोक बंधु अस्पताल पहुंचे जहां




जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अस्पताल से मिले मेमो पर ने पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशियाना थाना क्षेत्र के ३८२ सेक्टर उ१ अपने परिवार तक जाने वाली एक १४ वर्षीय किशोरी श्रेया बाजपेई पुत्री दुर्गेश बाजपेई ने गुरुवार सुबह घर में लगे पंखे के हुक में दुपट्टे से फांसी लगा ली । किशोरी को फंदे पर लटका दें परिजन आनन–फानन में नजदीकी लोक बंधु अस्पताल ले गए जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका श्रेया के परिजनों ने बताया कि मृतका के पिता पेशे से वकील है और उसकी मां एक निजी स्कूल में अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। गुरुवार सुबह मां स्कूल चली गई थी और पिता कचेहरी चले गए थे। वहीं परिजनों की मानें तो घर पर दूध देने आए दूधवाले ने फांसी की जानकारी दी थी। मृतका एक एक निजी स्कूल में कक्षा दस की छात्रा थी। मृतका एक भाई एक बहन थे।

हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ

# अब श्रद्धा कपूर के साथ रोमांस करेंगे रणबीर कपूर

मुम्बई। रणबीर कपूर एक ऐसे अभिनेता हैं जो बहुत कम फिल्में करते हैं लेकिन उनकी अधिकतर फिल्में सुपरहित होती हैं। लंबे समय से एक्टर पर्दे पर दिखायी नहीं दिए हैं लेकिन आने वाले समय में लगातार कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। रणबीर कपूर की कई फिल्में कतार में हैं शादी के बाद वह सभी फिल्मों पर एक के बाद एक करके काम करना शुरू करेंगे। रणबीर कपूर को लेकर ताजा अपडेट यह है कि वह श्रद्धा कपूर के साथ एक फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म के नाम की अभी घोषणा नहीं हुई है लेकिन फिल्म का निर्देशन लव रंजन कर रहे हैं। यानी कि लव रंजन की फिल्म में श्रद्धा कपूर और रणबीर कपूर साथ नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने अब रोमांटिक कमेडी की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म अगले साल यानी २६ जनवरी, २०२३ को गणतंत्र दिवस पर सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म की शूटिंग दिल्ली में हो चुकी है। जबकि फिल्म की घोषणा दिसंबर २०१६ में की गई थी कोरोनवायरस महामारी के कारण शूटिंग और इसकी रिलीज स्थगित होती रही। अब रणबीर और श्रद्धा–स्टारर २६ जनवरी, २०२३ को सिनेमाघरों में उतरेगी। तरण आदर्श ने ट्विटर पर फिल्म की नई रिलीज की तारीख साझा की। उन्होंने लिखा, ष्रणबीर–श्रद्धा



की फिल्म गणतंत्र दिवस २०२३ पर रिलीज के लिए फाइनल। लवरंजन की अगली फिल्म – जिसका शीर्षक अभी नहीं है – २६ जनवरी २०२३ को रिलीज होगी। गणतंत्र दिवस.. . सितारे रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर लव रंजन और अंकुर गर्ग। भूषण कुमार प्रस्तुति ।रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर अपकमिंग फिल्म में पहली बार एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। लव रंजन के साथ भी यह उनका पहला प्रोजेक्ट है। फिल्म निर्माता बोनी कपूर रोमांटिक कमेडी में रणबीर के पिता की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे, जो बलीवुड में एक अभिनेता के रूप में अपनी शुरुआत करेंगे। वहीं डिंपल कपाड़िया रणबीर की मां का किरदार निभाती नजर आएंगी। रोमांटिक कॉमेडी लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित है।

# फिल्म योद्धा में प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगे सिद्धार्थ मल्होत्रा, नवंबर २०२२ में होगी रिलीज

मुंबई। शेरशाह में अपने शानदार अभिनय के जरिए दर्शकों और आलोचकों की तारीफ बटोर रहे अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा धर्मा



प्रोडक्शंस की पहली एक्शन फिल्म योद्धा में प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के निर्माताओं ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। फिल्म का निर्देशन पुष्कर ओझा और सागर आंबरे की जोड़ी करेगी जबकि इसका निर्माण करण जोहर की कंपनी धर्मा प्रोडक्शंस और शशांक खैतान की मेंटोर डिसाइपिल फिल्म्स मिलकर करेंगे। निर्देशक के रूप में पुष्कर और सागर की यह पहली फिल्म होगी। धर्मा प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया ऐप ट्विटर पर योद्धा की पहली झलक को साझा किया, जिसमें सिद्धार्थ बिल्कुल नए अवतार में दिखाई देंगे। फिल्मकार करण जोहर ने ट्विटर पर कहा कि शेरशाह में कारगिल युद्ध के नायक कैप्टन विक्रम बत्रा का किरदार निभाने वाले सिद्धार्थ धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनने वाली पहली एक्शन फिल्म में प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने कहा कि योद्धा ११ नवंबर २०२२ को रिलीज होगी। इस फिल्म में दिशा पाटनी और राशि खन्ना भी अहम भूमिका में दिखाई देंगी।

# सपना की मुश्किलें बढ़ती हुई दिखाई दे रही

लखनऊ। हरियाणा की डांसर और बिग बॉस स्टार सपना चौधरी की मुश्किलें बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। लखनऊ की एक अदालत ने मशहूर नृत्यांगना सपना चौधरी के खिलाफ एक कार्यक्रम को मनमाने तरीके से रद्द करने और टिकट खरीदने वालों को उनका धन वापस नहीं करने के मामले में बुधवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शांतनु त्यागी की अदालत ने यह वारंट जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई की तारीख २२ नवंबर नियत की है। दारोगा फिरोज खान ने १४ अक्टूबर २०१८ को इस सिलसिले में आशियाना थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे में सपना के अलावा कार्यक्रम के आयोजक जुनैद अहमद, नवीन शर्मा, इवाद अली, अमित पांडे और रत्नाकर उपाध्याय को भी आरोपी बनाया गया था। मुकदमे में आरोप है कि नृत्यांगना सपना चौधरी को १३ अक्टूबर २०१८ को स्मृति उपवन में अपराह्न तीन बजे से रात १० बजे तक कार्यक्रम पेश करना था। इसके लिए ३०० रुपये प्रति टिकट की दर से टिकट बेचे गए थे। कार्यक्रम के लिए स्मृति उपवन में हजारों की संख्या में लोग आए थे



लेकिन जब सपना रात १० बजे तक कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंचीं तो भीड़ ने टिकट का धन वापस देने की मांग को लेकर हंगामा किया था। हालांकि, उन्हें पैसे वापस नहीं किये गए। अदालत इस प्रकरण में मामला खत्म करने के अनुरोध वाली सपना चौधरी की याचिका को पहले ही खारिज कर चुकी है। अब अदालत सपना तथा इस मामले के अन्य अभियुक्तों के खिलाफ आरोप तय करेगी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178

Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक